Admission to a particular course is confirmed by NIOS by issuing an online **Identity Card** having learners admission particulars as per the record available in NIOS. **In case any discrepancy is noticed at any stage of admission and even if the Identity Card has been issued, the admission will be cancelled and result will not be declared even if learner has appeared in examination.**

***Do check the particulars given in the Identity Card.*** In case, there is any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., the same should be corrected **through E-service** immediately. The Learner should retain his/her Identity Card carefully till he/she completes his/her study in NIOS.

**प्रवेश रिकॉर्ड में संशोधन एनआईओएस वेबसाइट पर उपलब्ध नियमों के अनुसार ही किया जाएगा (जो एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है)।**

**सार्वजनिक परीक्षा/ओड्स में बैठने वाले शिक्षार्थियों को परीक्षा के समय एनआईओएस द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र दिखाना होगा अन्यथा उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।**

## 2.10 प्रवेश के बाद ई-सेवाओं द्वारा अन्य सुविधाएँ

2.10.1 ई-सेवाओं द्वारा प्राप्त की जाने वाली शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधि इस प्रकार है :-

**(क) पहचान पत्र की दूसरी प्रति जारी करना**

पहचान पत्र खो जाने पर, दूसरी प्रति दी जा सकती है। पहचान पत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए सबसे पहले संबंधित पुलिस स्टेशन में एफआईआर (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज कराएँ। उसके बाद ई-सेवा द्वारा ऑनलाइन आवेदन करें और एफआईआर की मूल स्कैन की गई प्रति अपलोड करें और रु. 100/- का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करें। दूसरी बार पहचान पत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी को रु. 500/- का शुल्क देना होगा।

**(ख) सभी स्ट्रीमों के लिए विषय बदलना/अतिरिक्त विषय**

पाँच वर्षों की प्रवेश अवधि के दौरान, शिक्षार्थी एक या अधिक विषयों को बदल सकते हैं या एक/दो अतिरिक्त विषय ले सकते हैं परन्तु कुल विषय सात से अधिक नहीं होने चाहिए। जो विषय शिक्षार्थी उत्तीर्ण कर चुके हैं, वे बदले नहीं जा सकते।

विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय के लिए शिक्षार्थी को ई-सेवा द्वारा ऑनलाइन आवेदन करना होगा

**नोट**

याद रखें कि **विषय परिवर्तन अथवा अतिरिक्त विषयों के लिए आवेदन करने की तिथियाँ हैं :-**
अक्तूबर-नवंबर परीक्षा में बैठने के लिए
**1 जनवरी से 15 मई**
अप्रैल-मई परीक्षा के लिए
**1 जुलाई से 15 नवंबर**

The **Correction in the Admission Record will be made as per rules only (which are available on NIOS website).**

**The learners appearing in NIOS external public examination/ODES will be required to produce the Identity Card issued by NIOS at the time of appearing in examinations, failing which they will not be allowed to appear in the examination.**

## 2.10 Other Facilities after Admission through E-services

2.10.1 Learner centric activity which can be availed through e-services are:

**(a) Issue of Duplicate Identity Card**

In case of loss of Identity Card, a duplicate Identity Card can be issued. For obtaining Duplicate Identity Card, first lodge an FIR with the concerned Police Station. Then apply online **through E-Service** and learner may upload the original scanned copy of FIR and pay the fee of Rs. 100/- through online mode, and second time for obtaining the duplicate Identity Card the learner will have to pay the fee of Rs. 500/-.

**(b) Change of Subject/Additional Subject for All Streams**

During the admission period of five years, a learner can change one or more subject(s), provided the total number of subjects does not exceed seven. Subject(s) already passed by a learner cannot be changed.

For change of subject/additional subject, a learner has to apply online **through**

**NOTE**

**Remember that the Dates to apply for CHANGE OF SUBJECTS or for ADDITIONAL SUBJECTS are from 1st January to 15th May** to appear in Oct.-Nov. Examination and from **1st July to 15th November** to appear in April-May Examination.

और नीचे दिया गया शुल्क ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करना होगा :

माध्यमिक पाठ्यक्रम हेतु
**रु. 940/- प्रति विषय**

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम हेतु
**रु. 940/- प्रति विषय**

**(ग) अध्ययन केन्द्र/एआई में परिवर्तन**

शिक्षार्थी अपने अध्ययन केन्द्र/एआई बहुत ध्यान से चुनें। यदि कोई शिक्षार्थी अपना अध्ययन केन्द्र एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र में परिवर्तित करना चाहता/चाहती है तो वे **ई-सेवा के माध्यम से** ऑनलाइन आवेदन करें और उचित कारण और उपयुक्त दस्तावेज़ों तथा रु. 520/-(पांच सौ बीस रुपए केवल) की राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करें। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश वेबसाइट (www.nios.ac.in) पर दिए गए हैं।

**नोट**

**ई-सेवा के माध्यम से अध्ययन केंद्र में परिवर्तन करने के लिए आवेदन करने की तिथियाँ - सितंबर-अक्तूबर परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक तथा मार्च-अप्रैल परीक्षा के लिए 30 अक्तूबर तक हैं।**

(घ) दस्तावेज़ों की दूसरी प्रति जारी करना

(ड.) पाठ्यक्रम सामग्री की आवश्यकता

(च) नाम, पिता का नाम, माता का नाम अथवा अभिभावक के नाम में आंशिक संशोधन।

(च) शिक्षार्थी के नाम में परिवर्तन

(छ) जन्म तिथि, नाम, पिता का नाम, माता का नाम, अभिभावक के नाम में संशोधन

(ज) टीओसी माध्यम में परिवर्तन आदि।

(झ) विषय हटाना, टीओसी और आंशिक प्रवेश में परिवर्तन बदलना।

(ण) कक्षा 10वीं की उत्तीर्ण नामांकन संख्या आदि में परिवर्तन

**E-Service** and he/she is required to pay the prescribed fee through online mode as given below :

For Secondary Course
**Rs. 940/- per subject**

For Senior Secondary Course
**Rs. 940/- per subject**

**(c) Change of Study Centre/AI**

The learner must choose his/her Study Centre/AI very carefully. In case a learner wishes to change his/her Study Centre from one centre to another centre, he/she should apply online **through E-Service** and should upload valid reasons and documents, and a fee of Rs. 520/- (Rs. Five Hundred Twenty only) to be paid though online mode. Detailed guidelines in this regard have been displayed on NIOS website (www.nios.ac.in).

**NOTE**

**The dates to apply for CHANGE OF STUDY CENTRE through e-service are till 30th April** for September-October Examination and **till 30th October** for March-April Examination.

**(d)** Issue of Duplicate Documents

**(e)** Requisition for Course Material

**(f)** Minor Corrections in Spelling of Name, Father's Name, Mother's Name and/or Guardian's Name

**(g)** Change of learner's name

**(h)** Correction of Date of Birth, Name, Father's Name, Mother's Name, Guardian's Name

**(i)** TOC, change of medium

**(j)** Removing of subject, TOC and Changing Part admission.

**(k)** Change of Class 10th Passing Enrollment Number etc.

## 2.11 शिक्षार्थियों के एआई/अध्ययन केन्द्र के बारे में

प्रवेश के समय शिक्षार्थी द्वारा चुनी गई प्रत्यायित संस्थाएँ (अर्थात् अध्ययन केन्द्र) आपको निम्नलिखित सेवाएँ **बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के** प्रदान करेंगी :

- एनआईओएस के नियमानुसार एआई द्वारा सिद्धांत के लिए कुल मिलाकर 30 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और पाँच प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन। **शिक्षार्थी पीसीपी की समय सूची जानने के लिए अपने अध्ययन केन्द्र जाएँ अथवा एनआईओएस की वेबसाइट पर देखें।** फिर भी, शिक्षार्थी अपनी विषय संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए lsc@nios.ac.in पर ई-मेल कर सकते हैं।
- अनुशिक्षकों द्वारा कार्यों का मूल्यांकन।
- पाठ्यक्रम से संबंधित शिक्षार्थियों की समस्याओं/प्रश्नों को सुलझाने के लिए परामर्श।
- शुल्क के भुगतान की तिथियाँ, परीक्षा तिथियाँ और परीक्षा केन्द्र तथा अन्य महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदान करना।

## 2.12 केवल ई-सेवाओं के माध्यम से प्रवेश रिकॉर्डों में संशोधन के लिए प्रक्रिया

➤ एनआईओएस द्वारा किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश की पृष्टि एक ऑनलाइन पहचान पत्र जारी करके की जाती है जैसे शिक्षार्थियों का नाम, जन्म तिथि, चुने गए विषय आदि। ये विवरण वही हैं जो शिक्षार्थियों ने एनआईओएस में प्रवेश के समय भरे थे। शिक्षार्थियों से अनुरोध है कि वे निम्न में अपने विवरण तुरंत जांच लें :-

(i) शिक्षार्थी पोर्टल (sdmis.nios.ac.in) पर शिक्षार्थी डैशबोर्ड

(ii) प्रवेश की पुष्टि के लिए ई-मेल प्राप्त होना।

(iii) ऑनलाइन पहचान पत्र प्राप्त करना।

यदि शिक्षार्थियों के व्यक्तिगत विवरण, पते, फोटो आदि में कोई अनियमितता है तो इसे ई-सेवाओं द्वारा संशोधित कराया जाए।

## 2.11 About AI/Study Centre of the Learner

The Accredited Institute (Study Centre) chosen by the learner at the time of online admission will provide the following services **without any additional charges:**

- Conduct 30 Personal Contact Programmes (PCPs) as per NIOS Norms for theory and five PCPs for practical classes as prescribed by NIOS. **The learner should visit the Study Centre to know the PCP Time Table or view the same on NIOS website.** However, the learners can also get response to their subjects related queries through e-mail to: *lsc@nios.ac.in*
- Evaluation of Assignments by Tutors.
- Counselling to solve learner's problems/ queries related to the course.
- Informing the dates of payment of fees, examination date sheet, examination centre and other important information.

## 2.12 Procedure for Correction in the Admission Records through e-services only

➤ The admission to a particular course is confirmed by NIOS by issuing an online Identity Card having details of Learner's Name, Date of Birth, Subjects opted etc. These details are the same as filled in by the learner at the time of admission in NIOS. The learner is requested to check the details immediately on:-

(i) Student dashboard on the student portal (sdmis.nios.ac.in).

(ii) received E-mail for confirmation of admission

(iii) received online I-card.

In case, there is any discrepancy in learner's personal details, address, photo etc., the same should be corrected through e-services.

**विवरण निम्नानुसार है :**

| क्र.सं. | संशोधन | मानदंड | संशोधन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षार्थी के नाम में परिवर्तन | शिक्षार्थियों के नाम में परिवर्तन बिना किसी समय सीमा के किया जाएगा | 1. दो समाचारपत्र, जिनमें अपेक्षित परिवर्तन प्रकाशित किए गए।<br>2. इससे संबंधित राजपत्र अधिसूचना |
| 2 | शिक्षार्थी के नाम, माता के नाम और पिता का नाम में संशोधन | शैक्षिक सत्र 2018-2019 से, प्रवेश के लिए पंजीकरण की तारीख से 10 वर्ष की अवधि में वर्तनी की अशुद्धियों, शिक्षार्थी के नाम, पिता के नाम, माता के नाम में तथ्यात्मक अशुद्धियों के संशोधन पर विचार किया जाएगा। | 1. संबंधित नगरपालिका/ स्थानीय स्वशासन/ अचल अधिकारी कार्यालय/प्रखंड विकास अधिकारी/उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट/ जिला मजिस्ट्रेट/जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी वैध दस्तावेज़।<br>2. रु. 10/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पर आवश्यक संशोधन के लिए किए गए निवेदन के संबंध में घोषणा करते हुए तीसरे पक्ष द्वारा इस तरह के संशोधनों के लिए एनआईओएस को क्षति से सुरक्षित किया जाए। |
| 3 | जन्मतिथि में संशोधन | एक बार एनआईओएस के रिकॉर्ड में दर्ज होने के बाद जन्मतिथि में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। फिर भी वास्तविक टंकण अशुद्धि/ तथ्यात्मक अशुद्धियों का संशोधन किया जा सकता है। शैक्षिक सत्र 2018-2019 प्रवेश के लिए पंजीकरण तारीख से 10 साल की अवधि के भीतर जन्मतिथि में संशोधन पर विचार किया जाएगा। | 1. संबंधित नगरपालिका/ स्थानीय स्वशासन/ अचल अधिकारी कार्यालय/प्रखंड विकास अधिकारी/उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट/ जिला मजिस्ट्रेट/जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी वैध दस्तावेज़।<br>2. रु. 10/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पर आवश्यक संशोधन के लिए किए गए निवेदन के संबंध में घोषणा करते हुए तीसरे पक्ष द्वारा इस तरह के संशोधनों के लिए एनआईओएस को क्षति से सुरक्षित किया जाए। |
| 4 | बेमेल तस्वीर को बदलना | बेमेल फोटो, **प्रथम परीक्षा में बैठने** से पहले बदलने पर विचार किया जाएगा। | |
| 5 | प्रशासनिक शुल्क | पहले पांच वर्षों में संशोधन शुल्क रु. 400/- होगा। छठे से दसवें वर्ष में संशोधन शुल्क रु. 800/- होगा। फोटो में परिवर्तन का शुल्क रु. 200/- होगा। | |

**नोट :** 1. उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में शिक्षार्थियों के विवरण में संशोधन केवल 10वीं पास दस्तावेज के आधार पर होगा।
2. संशोधित एवं सही किए गए दस्तावेज़ तभी जारी किए जाएंगे जब आपने अपने आवेदन और निर्धारित शुल्क के साथ एनआईओएस द्वारा जारी त्रुटिपूर्ण विवरण के साथ मूल दस्तावेज़ (अंक सूची, माइग्रेशन अथवा अनंतिम प्रमाणपत्र अथवा अंतिम प्रमाणपत्र) जमा किए होंगे।

## Details are as under :

| Sl. No | Correction | Norms | Document required for change correction |
|---|---|---|---|
| 1 | Change in Learner's Name | Change in the name of learners will be considered **without any time restriction** | 1. Two Newspapers in which the desired change has been published.<br>2. Gazette Notification to this effect. |
| 2 | Correction in Learner's name, other's name and Father's name | From the Academic session 2018-2019 onwards, Correction of spelling errors, factual errors in learners' name, fathers' name, mothers, name will be considered within a period of **ten years from the date of registration for admission** | 1. Valid documents issued by the concerned Municipal Corporation / Local Self Government / Office of the Circle Officer/ Block Development Officer /Sub Divisional Magistrate / District Magistrate / Registrar of Births and deaths.<br>2. A sworn affidavit on a non-judicial stamp paper of Rs. 10/- making necessary declaration with respect to the request made for necessary corrections indemnifying the NIOS from any claim against such corrections by the third party. |
| 3 | Correction in Date of Birth | No change in the date of birth once recorded in the NIOS records shall be made. However, correction to rectify the genuine typographical error/ factual errors can be made. From the Academic session 2018-2019 onwards, the correction in date of birth will be considered within a period of **ten years from the date of registration for admission** | 1. Birth certificate from the concerned Municipal Corporation / Local Self Government / Office of the Circle Officer/ Block Development Officer /Sub Divisional Magistrate / District Magistrate / Registrar of Births and deaths.<br>2 A sworn affidavit on a non-judicial stamp paper of Rs. 10/- making necessary declaration with respect to the request made for necessary corrections indemnifying the NIOS from any claim against such corrections by the third party. |
| 4 | Change of Mismatched photograph | Change of mismatched photograph will be considered before **appearing in the first examination.** | |
| 5 | Administrative fee | Corrections for first five years shall be Rs.400/- Corrections for Sixth to ten years shall be Rs.800/- Change of Photograph shall be Rs.200/- | |

**Note:** 1. For correction in learners particulars in Senior Secondary Course will be based on 10th Pass Document only.

2. The revised corrected documents will be issued only after you have submittted the Origional Documents (Marksheet, Mirgration Certificate or Provisional Certificate or Final Certificate) with incorrect details issued to you by NIOS and requisite fee.

## विविध गतिविधियाँ
## Miscellaneous Activites

**विविध गतिविधियाँ के लिए शुल्क**

Fee for Miscellaneous Activities

| क्र.सं. S. No. | संशोधन की प्रकृति Type of Correction | राशि Amount |
|---|---|---|
| 1. | अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन / Change of Study Centre | 520/– |
| 2. | क्रेडिट स्थानांतरण शुल्क (प्रति विषय) / Transfer of Credit fee ( per subject) | 230/– |
| 3. | पंजीकरण के पश्चात टीओसी के लिए अनुरोध करने के मामले में (नियमानुसार) क्रेडिट स्थानांतरण शुल्क (प्रति विषय) / Transfer of Credit fee (per subject ) in case the request for TOC is made after registration (as per rule) | 500/– |
| 4. | टीएमए (प्रति विषय) जमा करने के लिए विलंब शुल्क / Late Fee for submission of Assignments (TMA) (Per Subject ) | 1500/– |
| 5. | दूसरी बार जारी किए गये पहचान पत्र की दूसरी प्रति / Issue of Duplicate Identity Card for the second time. | 500/– |
| *6. | प्रायोगिक/सिद्धांत परीक्षा आरंभ होने से पहले सार्वजनिक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र के साथ-साथ जब चाहो तब परीक्षा के परीक्षा केंद्र में परिवर्तन / Change of Examination Centre for Public Examination as well as for On Demand Examination before commencement of Practical/Theory examination | 1500/- |

**नोट :** इसके अतिरिक्त शिक्षार्थियों को **भाग 4.5** में उल्लिखित एनआईओएस के नियमानुसार संशोधित/नवीकृत दस्तावेज़ों की दूसरी प्रति के शुल्क का भुगतान करना भी आवश्यक है।

* अत्यंत कठोर परिस्थितियों तथा शिक्षार्थियों की अपरिहार्य कारणों के कारण यदि आवश्यक हो तो, एनआईओएस की सार्वजनिक/प्रायोगिक परीक्षाओं के आरंभ होने से पहले ही क्षेत्र में ही अंदर परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के लिए मूल्यांकन विभाग द्वारा निदेशक (मूल्यांकन), एनआईओएस के अनुमोदन से संस्तुति की गई हो।

**NOTE :** The learners are also required to pay revised/renewed duplicate document fee as per NIOS norms mentioned in **Section 4.5**.

* In extreme circumstances and due to unavoidable reasons of the learner, if need be, the change of examination centre within the region as well as outside the region before the commencement of Public/Practical Examination of NIOS, has to be recommended to the Department of Evaluation, NIOS for approval of the Director (Evaluation), NIOS.

## शिकायतों/समस्याओं के लिए संपर्क का पता

एनआईओएस के शिक्षार्थियों को अध्ययन केंद्रों के माध्यम से पूर्णतया अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं। फिर भी उनके समक्ष कोई समस्या आने पर शिक्षार्थी अपने अध्ययन केन्द्र (एआई) अथवा क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क कर सकता/सकती है। (परिशिष्ट 'क' देखें)।

यदि किसी समस्या/शिकायत का निवारण अध्ययन केन्द्र अथवा क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा नहीं किया जाता, तो कृपया इस पते पर लिखें :

**निदेशक (विद्यार्थी सहायता सेवाएँ)**
**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उ.प्र.-201309
अथवा lsc@nios.ac.in पर ई-मेल करें अथवा
टोल फ्री नं. 1800-180-9393 पर फोन करें

एनआईओएस की वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न भी उपलब्ध हैं।

## CONTACT ADDRESS FOR GRIEVANCES/PROBLEMS

All efforts have been made to provide user friendly learning environment to NIOS fraternity through our Study Centres. However, in case a he/she faces some problems, learner may contact his/her Study Centre (AI) or the concerned Regional Centre (See Appendix-A).

In case any problem/grievance is not redressed by the Study Centre or the Regional Centre, please write to

**"The Director (Student Support Services)"**
**National Institute of Open Schooling**
A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA-201309, Uttar Pradesh
or send email to: lsc@nios.ac.in"

OR

Call at Toll Free No. 1800-180-9393
Learners are advised to take help of 'Frequently Asked Questions' already available on NIOS website.

# 3

# एनआईओएस में अध्ययन प्रक्रिया
# Instructional Process at NIOS

*राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में शिक्षार्थी को स्वयं अध्ययन करना होता है अर्थात् वह स्वअध्येता होता/होती है। यहाँ वह अपनी गति व सुविधानुसार अध्ययन कर सकता/सकती है। अध्ययन प्रक्रिया में स्व-अध्ययन हेतु मुद्रित सामग्री का अध्ययन करना, ऑडियो एवं वीडियो कार्यक्रमों को सुनना तथा देखना, अध्ययन केंद्र में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) में भाग लेना एवं मूल्यांकन हेतु भेजे जाने वाले शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य करना शामिल है। एनआईओएस मुख्यालय द्वारा सभी अध्ययन सामग्री डिजाइन कर और तैयार सीधे शिक्षार्थियों को भेजी जाती है।*

*In NIOS, a learner has to learn on his/her own i.e., he/she is a self-learner. He/she can learn at his/her own pace and convenience. The instructional process comprises studying self-instructional print materials, listening to and viewing audio and video programmes, attending Personal Contact Programmes (PCPs) at the Study Centre, and doing Tutor Marked Assignments that are evaluated. All instructional materials are designed and developed by the NIOS Headquarters and are sent to the learners directly.*

## 3. ऑन-लाइन स्ट्रीम-1 के द्वारा प्रवेश के लिए

### 3.1 स्व-अध्ययन सामग्री

विभिन्न विषयों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई मुद्रित स्व-अध्ययन सामग्री और अन्य सहायक सामग्री एनआईओएस वेबसाइट और शिक्षार्थी डैशबोर्ड पर उपलब्ध है।

स्व-अध्ययन सामग्री निम्नलिखित तरीकों से आपकी सहायता करती है:

1. इनमें अंतर्निहित शिक्षक आपको हर कदम पर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करते हैं।
2. कक्षा-आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के समान अधिगम अनुभव प्रदान करके एक प्रभावी कक्षा शिक्षक के कार्यों को पूरा करती हैं।
3. अधिगम सामग्री में अंतर्निहित अदृश्य शिक्षक पाठ्य सामग्री के साथ आपकी अंत:क्रिया को सुगम बनाते हैं।
4. आपकी अधिगम शैली पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और आपको विषयवस्तु और प्रणाली से जोड़े रखती हैं।
5. आपको बाहरी स्रोतों से न्यूनतम या बिना किसी सहायता के आत्मनिर्भर और स्वतंत्र शिक्षार्थी के रूप में विकसित होने में मदद करती हैं।

## 3. For Admission through Online Stream-1

### 3.1 Self Learning Material (SLM)

The specially designed printed self learning material for different subjects along with other support material is available on the NIOS website as well as learner's dashboard.

Self-Learning Materials help you in the following ways:

1. Teacher in-built in them and guide and support you at each and every step.
2. Perform the functions of an effective classroom teacher by providing learning experiences similar to the classroom-based teaching-learning process.
3. The invisible teacher built in the learning materials facilitates your interaction with the text materials.
4. Positively impact your learning style and keep you connected with the contents and the system.
5. Help you grow as self-reliant and independent learners with minimal or no support from external sources.

## 3.2 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम ( पीसीपी )

एनआईओएस में यह प्रावधान है कि प्रवेश के प्रथम वर्ष में एआई (अध्ययन केन्द्र) द्वारा **एक प्रेरण सत्र** एवं सिद्धांत विषय के लिए **30 पीसीपी सत्र** तथा अतिरिक्त 05 सत्र जिन विषयों में प्रत्यक्ष प्रायोगिक होता है उनके लिए आमने-सामने आधार पर सामान्यत: सप्ताहांत तथा अवकाश के दिनों में आयोजित किए जाएंगे। ये पाँच (05) पीसीपी सत्रों का उपयोग अधिगम और रचनात्मक मूल्यांकन के लिए किए जाएंगे। रचनात्मक आकलन (05 प्रायोगिक कक्षाओं) के लिए अंकों को 50% वेटेज दिया जाएगा और योगात्मक मूल्यांकन के लिए छठी प्रायोगिक कक्षा (अंतिम) के लिए 50% अंक दिए जाएंगे। ये पीसीपी सत्र संबंधित अध्ययन केंद्र (एआई) में ब्लॉक-I के लिए नवंबर से और ब्लॉक-II के लिए मई से आयोजित किए जाएंगे। शिक्षार्थियों को पीसीपी अनुसूची की समय सारणी के लिए एआई के साथ नियमित संपर्क बनाए रखना चाहिए।

**नोट**

पीसीपी कक्षाओं के लिए एआई को अलग से भुगतान न करें।

*आंतरिक मूल्यांकन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश एनआईओएस वेबसाइट पर दिए गए हैं। शिक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि दिशा-निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ें।*

**नोट**

यदि शिक्षार्थी प्रवेश के प्रथम वर्ष में 05 पीसीपी प्रायोगिक में भाग नहीं ले पाता है, तो एनआईओएस उसे 05 पीसीपी प्रायोगिक के लिए फिर से पंजीकरण करने की अनुमति देता है। इसके लिए शिक्षार्थी को संबंधित विषय हेतु परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त रचनात्मक मूल्यांकन (एफए) परीक्षा शुल्क (प्रति प्रायोगिक विषय) का भुगतान करें। शिक्षार्थी इस अवसर का लाभ प्रवेश की अवधि के दौरान उठा सकते हैं।

संपर्क सत्र पाठ्यक्रम पूरा करने के उद्देश्य से नहीं हैं। **औपचारिक शिक्षा प्रणाली की भांति परम्परागत ढंग से कक्षा में पढ़ाई करने की आशा न रखें।** वहाँ शिक्षक शिक्षार्थी की सहायता करने, पीसीपी सत्रों के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान एवं शिक्षार्थियों

## 3.2 Personal Contact Programme (PCP)

There is a provision in NIOS that **one induction session** and **30 PCP sessions** will be organized per subject for theory and 05 additional sessions for subjects having practical on face to face basis, generally on week ends and holidays, in the first year of admission, by the AI (Study Centre). The five (05) PCP Practicals will be utilized for learning and Formative Assessment. A weightage of 50% of the marks will be awarded for formative assessment (05 Practical classes) and 50% marks for the 6th Practical class (Last) for Summative Assessment. These PCP sessions will be conducted at the assigned Study Centres (AIs) from November onwards for Block-I and from May onwards for Block-II. Learners should remain in the regular touch with AI for time table of PCP schedule.

**NOTE**

Do not pay any extra amount to the AI for attending PCP classes.

***The detailed Guidelines for internal assessment are displayed on NIOS website. The learners are advised to read the Guidelines carefully.***

**NOTE**

If the learner miss the 05 PCP Practical in the first year of admission, NIOS allows him/her to re-registration for 05 PCP practical. For this purpose, the learner should pay the Formative Assessment (FA) examination fee (per practical subject) in addition to the examination fee for the concerned subject. This chance can be avail by the learner during the valid period of admission.

The contact sessions are not meant for covering the curriculum. DO NOT EXPECT FULL TIME CLASSROOM TEACHING as in the formal education system. The teachers are there to help and guide the learners with regard to difficulties faced

के मार्गदर्शन के लिए हैं। शिक्षार्थियों के हित में यह आवश्यक है कि वे सभी संपर्क सत्रों में उपस्थित रहें। ***आबंटित अध्ययन केंद्रों (एआई) पर ब्लॉक-I के लिए पांच (05) व्यक्तिगत संपर्क प्रायोगिक कार्यक्रम फरवरी में और ब्लॉक-II के लिए अगस्त माह में आयोजित किए जाएंगे। प्रयोग वाले विषयों में पाँच प्रायोगिक सत्रों में उपस्थिति अनिवार्य है।***

## 3.3 ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम

**एनआईओएस ने अध्ययन में सहायता के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों से संबंधित विभिन्न ऑडियो और वीडियो (एवी) कार्यक्रम तैयार किए हैं। एनआईओएस ने सामान्य प्रकृति के कुछ एवी कार्यक्रम भी तैयार किए हैं। एनआईओएस वेबसाइट पर सभी संबंधित विषय के ऑडियो और वीडियो पाठ ऑनलाइन अध्ययन सामग्री के साथ उपलब्ध है।** इसके अतिरिक्त एनआईओएस विभिन्न सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करके अपने शिक्षार्थियों को निरंतर शैक्षिक सहायता प्रदान करता है। एनआईओएस अपने हाई डेफिनेशन टीवी/वीडियो स्टूडियो के माध्यम से अपने सजीव संवेदनात्मक और वीडियो कार्यक्रमों का प्रसारण पीएम ई-विद्या डीटीएच चैनल 17, 18, 19 और 20 पर करता है। यह चार घंटे के सत्र सोमवार से शुक्रवार तक आयोजित होते हैं जिसमें माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं व्यावसायिक शिक्षा स्तरों के विभिन्न विषयों को संलग्न किया जाता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय सांकेतिक भाषा में सजीव संवेदनात्मक और वीडियो कार्यक्रम भी प्रसारित किए जाते हैं ताकि कुछ विषयों में बधिर और सुनने में अक्षम शिक्षार्थियों की शैक्षिक जरूरतों को समायोजित किया जा सके।

इन दैनिक प्रसारणों को निम्नलिखित पीएम ई-विद्या डीटीएच चैनल और एनआईओएस यूट्यूब चैनल
@Nioslivevideo/
@DDPMeVIDYANIOS17SEC/
@DDPMeVIDYANIOS18SRSEC/
@DDPMeVIDYANIOS19OBEISLIKT
पर देखा जा सकता है।

## 3.4 मुक्त विद्या वाणी

**एनआईओएस शिक्षार्थियों के हित के लिए वेब आधारित व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) कार्यक्रम भी प्रदान करता है।**

during PCP sessions. It would be in learners, interest to attend all the contact sessions. ***The five (05) PCP practical will be conducted at assigned Study Centres (AIs) in the month of February for Block-I and August for Block-II. Attendance in five practical sessions is compulsory.***

## 3.3 Audio and Video Programmes

**The NIOS has produced several Audio and Video (AV) programmes in the context of academic and vocational education courses to supplement learning. Some AV programmes of general nature have also been developed by NIOS. All are available respective subject audio and video lesson on NIOS website with online study material.** Also NIOS provides constant educational support to its learners using various Information and Communication Technologies (ICT) and media platforms. NIOS broadcasts live interactive and video programs daily through its High-Definition TV/Video studio on PM e-Vidya DTH channels 17, 18, 19 and 20. These four-hour sessions run from Monday to Friday, covering a variety of subjects at the Secondary, Sr. Secondary, and Vocational Education levels. In addition, live interactive and video programs in Indian Sign Language are also aired to accommodate the educational needs of deaf and hearing-impaired students in certain subjects.

These daily broadcasts on PM e-Vidya DTH channels can be viewed on the NIOS YouTube channel @Nioslivevideo/
@DDPMeVIDYANIOS17SEC/
@DDPMeVIDYANIOS18SRSEC/
@DDPMeVIDYANIOS19OBEISLIKT

## 3.4 Mukta Vidya Vani

The NIOS offers **web based Personal Contact Programme (PCP) also for benefit of learners.**

मुक्त विद्या वाणी भारत का एक विशिष्ट शैक्षिक वेब रेडियो है। शैक्षिक उद्देश्यों के लिए ऑडियो प्रसारण का एनआईओएस का एक अग्रणी पहल है। यह 19 जुलाई, 2012 को आरंभ हुआ था। यह एनआईओएस मुख्यालय में स्थित स्टूडियो से इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता वाले किसी भी श्रोता से दो तरफा की सुविधा प्रदान करता है। इसने एक प्रयोग से आरंभ होकर विश्वभर में विशेष रूप से मुक्त दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के परिप्रेक्ष्य में एक प्रभावशाली और लोकप्रिय मंच बनने की महत्वपूर्ण यात्रा में एक मील का पत्थर तय किया है।

The Mukta Vidya Vani is a unique Educational Web Radio in India. It is a pioneering initiative of the NIOS Audio streaming for educational proposes. It was launched on 19th July, 2012. It enables a two way communication with any audience that has access to internet connection from the studio located at the Headquarters in NIOS. In its commendable journey from an exploratory mode to an effective and popular platform, it has created a new milestone particularly in the context of Open and Distance Learning (ODL) mode of education.

मुक्त विद्या वाणी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य मुद्रित पाठ्य सामग्री के अतिरिक्त वेब स्ट्रीमिंग के माध्यम से पढ़ने वाले माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के शिक्षार्थियों को सशक्त करना है। यह 24×7 सजीव व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) है।

The main objective of the Mukta Vidya Vani programmes is to empower the learners of the Secondary, the Senior Secondary and the Vocational Education Courses of NIOS through web streaming in addition to printed course materials. It is a live Personal Contact Programme (PCP) 24×7.

**समय :**

सोमवार–शुक्रवार:
अपराह्न 2.00 – अपराह्न 5.00 बजे

शनिवार एवं रविवार:
पूर्वाह्न 10.30 – अपराह्न 12.30 बजे

राजपत्रित अवकाश:
पूर्वाह्न 10.30 – अपराह्न 01.30 बजे

**Timings:**

Monday to Friday
From 2:00 pm to 5:00 pm

Saturday & Sunday
From 10:30 am to 12:30 pm

Gazetted Holiday (s)
From 10:30 am to 01:30 pm

शिक्षार्थी हमसे टोल फ्री नं. 1800-180-2543 एवं लैंड लाइन नंबर 0120-4626949 पर संपर्क कर सकता है।

The learner can reach us via: Toll free - 1800 180 2543 and Landline - 0120 4626949.

### 3.4.1 स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड (स्वयं)

स्वयं, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक कार्यक्रम है, जिसे शिक्षा नीति के तीन प्रमुख सिद्धांतों अर्थात पहुँच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रयास का उद्देश्य सबसे वंचितों सहित सभी तक सर्वोत्तम शिक्षण अधिगम के संसाधन पहुंचाना है।

### 3.4.1 Study Webs of Active-Learning for Young Aspiring Minds (SWAYAM)

SWAYAM is a programme initiated by Ministry of Education, Govt. of India and designed to achieve the three cardinal principles of Education Policy viz., access, equity and quality. The objective of this effort is to take the best teaching learning resources to all, including the most disadvantaged.

स्वयं पर होस्ट किए गए पाठ्यक्रम चतुर्भुजों में हैं – (1) ई-ट्यूटोरियल, (2) ई-सामग्री, (3) चर्चा मंच और वेब संसाधन, (4) स्व-मूल्यांकन।

(1) वीडियो व्याख्यान, (2) विशेष रूप से तैयार की गई पठन सामग्री जिसे डाउनलोड/प्रिंट किया जा सकता है (3) परीक्षणों और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्व-मूल्यांकन परीक्षण और (4) संदेहों को दूर करने के लिए एक ऑनलाइन चर्चा मंच।

स्वयं पोर्टल पर www.swayam.gov.in के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। अभी तक स्वयं प्लेटफॉर्म पर एनआईओएस के 53 पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं – 18 माध्यमिक स्तर पर, 24 उच्चतर माध्यमिक स्तर पर, 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रम।

### 3.4.2 डिजिटल शिक्षा और ई-संसाधन प्लेटफॉर्म ( दीप )

यह ई-लाइब्रेरी शिक्षार्थियों को 75 विभिन्न शैक्षिक विषयों से संबंधित अध्ययन सामग्री, हजारों ई-पुस्तकों के अतिरिक्त सैकड़ों पत्रिकाओं, जर्नलों और आवधिक पत्र उपलब्ध कराकर संसाधनों की एक समृद्ध श्रृंखला तक पहुँच प्रदान करेगी। विश्वकोश और निर्देशिकाओं सहित संदर्भ पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। यह मंच ऐसे डेटा बेस भी उपलब्ध कराता है जो रचनात्मक लेखन या वाद विवाद हेतु उपयोगी है। व्यावसायिक शैक्षिक अध्ययन के लिए विशेष डेटाबेस जोड़ा गया है।

DEEP

पाठ्य सामग्री के अतिरिक्त, यह डिजिटल लाइब्रेरी वीडियो व्याख्यान, शैक्षिक टीवी चैनलों के लिए एक्सेस पॉइंट और टेक्स्ट टू स्पीच की सुविधा को जोड़ने की भी योजना है।

## 3.5 शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य

अध्ययन के दौरान शिक्षार्थी को अपनी प्रगति की जाँच करने हेतु शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्यों

The courses hosted on SWAYAM are in 4 quadrants – (1) e-tutorial, (2) e-content, (3) Discussion forum and web resources, (4) self assessment.

(1) video lecture, (2) specially prepared reading material that can be downloaded/ printed (3) self-assessment tests through tests and quizzes and (4) an online discussion forum for clearing the doubts.

The SWAYAM portal can be accessed through www.swayam.gov.in. As of now, there are 53 courses of NIOS being offered on SWAYAM Platform – 18 at Secondary level, 24 at Sr. Secondary level, 11 Vocational courses.

### 3.4.2 Digital Education & e-Resource Platform (DEEP)

This e-Library will enable learners to gain access to a plethora of resources including study materials pertaining to 75 different academic subjects, Thousands of e-books, apart from hundreds of magazines, journals and periodicals. Reference Books including encyclopedias and directories are also available. It also has databases which can assist users in creative writing or deliberating any debates. Special Database for Vocational educational studies has been added.

Apart from textual material, the digital library also envisions to add video lectures, access points for educational TV Channels and text to speech facility.

## 3.5 Tutor Marked Assignments

In order to check the progress during the course of study, the learner should take up

(टीएमए) को गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए। **ये लिखित कार्य शिक्षार्थियों के सतत आंतरिक मूल्यांकन का अंग होंगे** तथा शिक्षार्थी को व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) में शिक्षार्थियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हैं और शिक्षार्थियों एवं अध्ययन केंद्रों पर शिक्षकों के बीच अच्छे संबंध विकसित करने में सहायक होंगे। प्रत्येक विषय में केवल एक मूल्यांकन कार्य है। **शिक्षार्थी एनआईओएस पोर्टल के माध्यम से अपने डैशबोर्ड पर असाइनमेंट उत्तर पत्रक समय पर अपलोड करें।** अधिक जानकारी के लिए कृपया अध्याय-5 और वेबसाइट पर दिए गए 'दिशानिर्देश' भी देखें।

**नोट**

एनआईओएस के वेबसाइट पर शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए) शिक्षार्थी द्वारा चयनात्मक रूप से डाउनलोड करने तथा विषयवार अथवा आवश्यकतानुसार टीएमए का प्रिंट लेने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 3.6 स्ट्रीम 2, 3 और 4 के अंतर्गत ऑन-लाइन प्रवेश संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारी

- स्ट्रीम 2, 3 तथा 4 में ऑन-लाइन प्रवेश प्रक्रिया विशेषकर उन शिक्षार्थियों के लिए बनाई गई है जो अध्ययन पाठ्यक्रम पहले ही पूर्ण कर चुके हैं लेकिन एनआईओएस की परीक्षा में शीघ्र सम्मिलित होना चाहे हैं। अतः एनआईओएस स्ट्रीम 2, 3 तथा 4 के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों को निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराएगा :
  - अध्ययन सामग्री (स्व-अध्ययन सामग्री)
  - व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) तथा
  - शिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए)
- तदनुसार, एनआईओएस इन तीनों स्ट्रीमों के शिक्षार्थियों से पूरे पाँच वर्ष की नामांकन अवधि के दौरान अध्ययन सामग्री, पीसीपी के आयोजन तथा मूल्यांकन

Tutor Marked Assignments (TMAs) seriously. **The assignments would be a part of continuous internal assessment** and also serve as an academic tool to prompt the learner to take part in the Personnel Contact Programmes (PCPs) and develop rapport between the learner and the tutors at the Study Centres. There is only one Assignment in each subject. **The learner must upload the assignments response sheets online at their Dashboard through NIOS portal on time.** For more details, please see Chapter 5 and also the 'Guidelines' hosted on NIOS website.

**NOTE**

Tutor Marked Assignments (TMA) will be hosted on the NIOS website for the learners to download selectively and print TMAs subject wise or as required.

## 3.6 Important Information about Online Admissions under Streams 2, 3 and 4

- The Streams 2, 3 and 4 of Online Admission have been specifically designed for those learners who have already completed the course of study but wish to appear in NIOS examinations at the earliest available opportunity. Therefore, NIOS will not provide the following to the learners seeking admission under Streams 2, 3 and 4:
  - Study Material (Self Learning Material)
  - Personal Contact Programmes (PCPs) and
  - Tutor Marked Assignments (TMAs)
- Accordingly, NIOS is not charging any money for the study material, for conduct of PCP and Assignments for these three

कार्य के लिए कोई शुल्क नहीं ले रहा है। हालांकि इसके अंतर्गत शामिल शिक्षार्थी एनआईओएस के वेबसाइट (**www.nios.ac.in**) द्वारा अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं अथवा क्षेत्रीय केन्द्रों अथवा सामग्री वितरण इकाई (एमडीयू), दिल्ली से (**तालिका-6 क के अनुसार**) ऑन-लाइन भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं।

➤ जो शिक्षार्थी अल्पकालिक सूचना पर एनआईओएस परीक्षा में बैठने का निर्णय लेता है उसे अनिवार्य रूप से प्रवेश के समय ही परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा और ऑन-लाइन प्रवेश के समय ही परीक्षा फॉर्म/सूचना भरनी होगी।

➤ प्रवेश के समय शिक्षार्थी को अपने सभी चुने हुए विषयों का उल्लेख प्रवेश फॉर्म में करना होगा जिनमें वे परीक्षा देना चाहता/चाहती हैं यदि टीओसी की आवश्यकता है तो उससे संबंधित विवरण भी देना होगा।

➤ स्ट्रीम-2 के शिक्षार्थी को परीक्षा में 09 (नौ) बार बैठने, विषय परिवर्तन आदि जैसे अन्य सुविधाएँ दी जाएंगी। फिर भी, शिक्षार्थी प्रवेश की वैधता के अंदर 'जब चाहो तब परीक्षा' प्रणाली (ओड्स) के माध्यम से (माह में केवल एक बार) कितनी ही बार परीक्षा में बैठने के लिए स्वतंत्र है।

➤ विषय परिवर्तन के लिए विवरणिका के अध्याय 2 पैरा 2.10 (ख) में दिए गए एनआईओएस नियम लागू होंगे।

➤ प्रत्येक शिक्षार्थी को भेजी गयी अध्ययन सामग्री की स्थिति एनआईओएस वेबसाइट www.nios.ac.in पर देखी जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी एनआईओएस के टॉल फ्री नं 1800-180-9393 की सुविधा का प्रयोग भी कर सकते हैं।

➤ एक स्ट्रीम विशेष के अंतर्गत एक बार प्रवेश की पुष्टि होने के बाद शिक्षार्थी तय अवधि में प्रवेश का स्ट्रीम नहीं बदल सकता।

streams of learners for the entire period of enrolment of five years. However, the learners can access the study material by downloading it from the NIOS website **(www.nios.ac.in)** or on payment through online **(as per Table-6A)** from the Regional Centres or from the Material Distribution Unit (MDU), Delhi.

➤ A learner who opts to appear in NIOS examinations at a short notice is required to pay examination fee compulsorily at the time of admission and fill up the Examination Form/ information at the time of seeking Online Admission.

➤ At the time of admission, the learner has to mention all subjects opted by him/her for appearing in examinations in the Admission Form including Transfer of Credit (TOC), if needed.

➤ All other facilities like 9 chances to appear in examinations, change of subjects, etc., will be provided to the learner of Stream-2. However, the learner is free to appear any number of times (limited to once in a month) through On Demand Examination System (ODES) till the validity of admission.

➤ For change of subject, NIOS rules mentioned in Chapter 2 - para 2.10 (b) of the Prospectus will be applicable.

➤ Status of despatch of study material to individual learners can be seen on NIOS website www.nios.ac.in. The learners may use the facility to get the information from NIOS Toll free No. 1800-180-9393.

➤ Once admission is confirmed under a particular stream, the learner can not change the Stream of Admission for the remaining period.

# 4

# मूल्यांकन प्रणाली
# Evaluation System

*राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की मूल्यांकन प्रणाली में कुछ महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ हैं। संविधान द्वारा अधिसूचित किसी भी क्षेत्रीय भाषा में प्रश्नों के उत्तर लिखने की स्वतंत्रता, यद्यपि प्रश्नपत्र सामान्य तौर पर अंग्रेजी और हिंदी या उपलब्ध क्षेत्रीय माध्यम में ही दिए जाएँगे। इनके अतिरिक्त एनआईओएस परीक्षा प्रणाली की प्रामाणिकता और स्तर को बनाए रखने के कुछ नए प्रयोग कर रहा है। पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 'जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली', इसी प्रकार का एक महत्वपूर्ण नवाचार है।*

*The National Institute of Open Schooling has certain significant features in its evaluation system. One such feature is freedom to answer the questions in any one of the scheduled regional languages, although the Question Papers supplied would generally be in English and Hindi/available Regional mediums only. NIOS has been doing innovations in the evaluation system to maintain its credibility and standards. The On Demand Examination System (ODES) at the Secondary and the Senior Secondary levels for the registered candidates is one such innovation.*

## 4.1 सार्वजनिक परीक्षाएँ

सार्वजनिक परीक्षाएँ वर्ष में दो बार मार्च–अप्रैल और सितंबर अक्तूबर में एनआईओएस द्वारा निर्धारित तिथियों पर होती हैं। हालांकि, शिक्षार्थी भी माध्यमिक स्तर और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पात्रता शर्तों के अनुसार केवल उन्हीं विषयों में जब चाहो तब परीक्षा प्रणाली (ओड्स) दे सकते हैं जिनमें शिक्षार्थी ने एनआईओएस में प्रवेश लिया है।

## 4.1 Public Examinations

The Public Examinations are held twice in a year in the months of March-April and September-October on the dates fixed by the NIOS. However, a learner is also eligible to appear through On Demand Examination System (ODES) as per the eligibility conditions at the Secondary Level and the Senior Secondary Level in those subjects only in which the learner has taken admission in NIOS.

**नोट**

निर्धारित तिथियों में परीक्षा शुल्क का भुगतान न करने पर, शिक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**NOTE**

Unless examination fee is paid within the prescribed dates, learner will not be allowed to appear in the examinations.

**नोट**

परीक्षाओं के दौरान उत्तर लिखने के लिए परीक्षार्थी को एक विषय में केवल एक उत्तर पुस्तिका दी जाएगी। कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी।

**NOTE**

During the Examinations, only one Answer Book will be issued to the learner in a subject to complete the Answers. No additional Answer Sheet will be provided.

## (क) स्ट्रीम-I तथा स्ट्रीम-II के शिक्षार्थियों हेतु सार्वजनिक परीक्षा के लिए नामांकन

एनआईओएस की परीक्षा में बैठने के लिए शिक्षार्थी को नीचे दी गई निर्दिष्ट तिथियों पर परीक्षा फॉर्म भरकर पंजीकरण कराना होगा तथा **तालिका-7** के अनुसार परीक्षा शुल्क जमा करना होगा :

**(i) मार्च-अप्रैल परीक्षाएं**

**नए और पिछली परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण शिक्षार्थियों के लिए**

➢ 21 नवंबर से 20 दिसंबर (बिना विलंब शुल्क)

**उन शिक्षार्थियों के लिए जो पिछली परीक्षा अर्थात् अक्तूबर की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण रहे हैं**

➢ 01 दिसंबर से 20 दिसंबर (बिना विलंब शुल्क)

**सभी शिक्षार्थियों के लिए**

➢ 21 दिसंबर से 31 दिसंबर
(रु. 150/- प्रति विषय विलंब शुल्क सहित)

➢ 01 जनवरी से 10 जनवरी
(रु. 1600/- समेकित विलंब शुल्क सहित)

**(ii) सितंबर-अक्तूबर परीक्षाएं :**

**नए और पिछली परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण शिक्षार्थियों के लिए**

➢ 21 मई से 20 जून (बिना विलंब शुल्क)

**उन शिक्षार्थियों के लिए जो पिछली परीक्षा अर्थात् अप्रैल की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण रहे हैं**

➢ 1 जून से 20 जून (बिना विलंब शुल्क)

**सभी शिक्षार्थियों के लिए**

➢ 21 जून से 30 जून
(रु. 150/- प्रति विषय विलंब शुल्क सहित)

➢ 01 जुलाई से 10 जुलाई
(रु. 1600/- समेकित विलंब शुल्क सहित)

शिक्षार्थी सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। परीक्षा शुल्क का भुगतान/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई द्वारा ऑनलाइन किया जा सकता है।

## (ख) सार्वजनिक परीक्षा के लिए पंजीकरण

(i) एआईओएस की मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्तूबर में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं में पंजीकरण के लिए शिक्षार्थी एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in/sdmis.nios.ac.in. के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

## (a) Registration for Public Examination under Stream-1 and Stream-2 learners

For appearing in NIOS examination, the learner must register himself/herself by filling up the Examination Form online by paying requisite examination fee as given in **Table 7** as per schedule given below.

**(i) March-April Examination :**

**For fresh and unsuccessful learners of previous examinations**

➢ 21st November to 20th December (Without late fee)

**For learners who have been unsuccessful in the preceding examination i.e., October Exams.**

➢ 1st December to 20th December (Without late fee)

**For all learners**

➢ 21st December to 31st December
(With late fee of Rs. 150/- per subject)

➢ 1st January to 10th January
(With consolidated late fee of Rs. 1600/-)

**(ii) September-October Examination :**

**For fresh and unsuccessful learners of previous examinations**

➢ 21st May to 20th June (Without late fee)

**For learners who have been unsuccessful in the preceding examination i.e., April Exams.**

➢ 1st June to 20th June (Without late fee)

**For all learners**

➢ 21st June to 30th June
(With late fee of Rs. 150/- per subject)

➢ 1st July to 10th July
(With consolidated late fee of Rs. 1600/-)

The learner can register for Public Examinations through online mode only. The examination fee can be paid online through Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI.

## (b) Registration for Public Examinations

(i) To register for the Public Examination of NIOS being held in March-April and September-October the learner has to apply through online from NIOS website: www.nios.ac.in sdmis.nios.ac.in.

(ii) शिक्षार्थी विषयों की सूची से विषय सही भरें जिसमें वह उपस्थित होना चाहता/चाहती है।

(ii) The learner must select the correct subjects from the list of subjects in which he/she wishes to appear.

## ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बिंदु

➤ **उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष से दो वर्ष का अंतर अवश्य हो।** यदि शिक्षार्थी का दो वर्ष का अंतर नहीं है तो वह आने वाली मार्च-अप्रैल/सितंबर-अक्तूबर और उसके बाद सितंबर-अक्तूबर/मार्च-अप्रैल की परीक्षाओं में अधिकतम चार विषयों की परीक्षा में ही बैठ सकता है। यदि कोई शिक्षार्थी 4 विषयों से अधिक के लिए पंजीकृत है तो पहले चार विषयों की ही परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। शेष विषयों की परीक्षा में बैठने के लिए वह तभी योग्य होगा/होगी जब दो वर्ष का अनिवार्य अंतराल पूरा हो जाएगा। दो वर्षों का अंतराल न होने पर उसका परीक्षा शुल्क पहले चार चुने गए विषयों के लिए समायोजित किया जाएगा और शेष शुल्क यदि अन्य विषयों के लिए शुल्क का भुगतान किया गया है तो वह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा।

➤ परीक्षा केन्द्र निश्चित करना एनआईओएस का विशेषाधिकार है। एनआईओएस द्वारा सामान्यत: जिला मुख्यालयों और उप-मंडल मुख्यालयों और एआई/अध्ययन केंद्र के नजदीक उपलब्ध जगहों पर परीक्षा केन्द्र निश्चित किए जाते हैं।

➤ कृपया अपने परीक्षा केन्द्र और परीक्षा तिथियों से संबंधित विवरण जानने के लिए परीक्षा आरंभ होने से दो सप्ताह पहले अपने संबंधित एआई से संपर्क करें अथवा एनआईओएस की वेबसाइट पर लॉग ऑन करें।

➤ परीक्षा के लिए हॉल टिकट एवं अंकसूची-सह-प्रमाणपत्र सूचना पत्रों और प्रमाणपत्रों पर शिक्षार्थियों के फोटो स्कैन किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों और परिणाम की सूचना एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाती है।

➤ शिक्षार्थी को केवल एनआईओएस द्वारा आबंटित किए गए परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा में बैठना होगा। परीक्षा केन्द्रों के आबंटन के संबंध में एनआईओएस का निर्णय अंतिम होगा।

